पत्र सूचना शाखा

(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोरोना के सम्बन्ध में समीक्षा की

राज्य सरकार ने कोरोना पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित करने के लिए कोरोना एक्शन प्लान तैयार किया : मुख्यमंत्री

लॉक डाउन के दौरान पान, तम्बाकू, गुटखे पर पूर्ण प्रतिबन्ध

सी0एम0 हेल्पलाइन के माध्यम से ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर गांवों में कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करें : मुख्यमंत्री

जिला प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश

रैन बसेरा, धर्मशालाओं में रह रहे लोगों के लिए कुक्ड फूड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा मुनाफाखोरी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए

लखनऊ : 25 मार्च, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास 5, कालिदास मार्ग पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कोरोना के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कोरोना पर प्रभावी नियन्त्रण स्थापित करने के लिए कोरोना एक्शन प्लान तैयार किया है। इस एक्शन प्लान का सुपरविजन मुख्य सचिव करेंगें। इस एक्शन प्लान के तहत कृषि उत्पादन आयुक्त, औद्योगिक विकास आयुक्त, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना, अपर मुख्य सचिव राजस्व, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में समितियां गठित की गयी हैं।

मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के 51 सरकारी/निजी मेडिकल कॉलेजों में 200 से 300 बेड के आइसोलेटेड वॉर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में मास्क, ग्लव्स व सैनेटाइजर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है। लॉक डाउन के दौरान पान, तम्बाकू, गुटखे पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा, क्योंकि इसके थूकने से कोरोना के संक्रमण की सम्भावना अधिक है। सभी जनपदों में कण्ट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पिछले एक सप्ताह में प्रदेश में विभिन्न देशों से आये लोगों को चिन्हित कर उन्हें उपचारित किया जाए। लोगों को अपने गन्तव्य तक पहुंचाने के लिए पी0आर0वी0–112 का उपयोग करें तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर न दिखे। सी0एम0 हेल्पलाइन के माध्यम से ग्राम प्रधानों से संवाद स्थापित कर गांवों में कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करें।

मुख्यमंत्री जी ने जिला प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए हैं। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से माइक पर इस सम्बन्ध में एनाउन्समेण्ट भी किया जाए। रैनबसेरों तथा धर्मशालाओं में रहने वाले लोगों के लिए कुक्ड फूड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए एम0डी0एम0 के किचन का उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मण्डी समितियां गेहूं, चावल, दाल, आलू तथा दूध आदि की उठान की व्यवस्था भी करें। ई–कॉमर्स कम्पनियां यथा बिग बाजार, मेगा मार्ट आदि के लोग होम डिलीवरी करें, जिससे लोगों को घर पर ही सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य विभाग दवा विक्रेताओं से समन्वयन कर जरूरतमन्दों को होम डिलीवरी के माध्यम से दवा उपलब्ध कराने का कार्य करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निराश्रित गो–आश्रय स्थलों पर चारे आदि की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि मुर्गी, बतख तथा मछली आदि के लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कुत्तों आदि को भोजन के लिए एस0पी0सी0ए0 की मदद ली जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा मुनाफाखोरी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दवा तथा खाद्यान्न आदि की दुकानों पर सोशल डिस्टेंसिंग का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। यह सुनिश्चित करें कि दुकानों पर एक समय 02 से अधिक व्यक्ति न रहें।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव कुमार मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश चंद्र अवस्थी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

———————

PN-CM-Corona-Review Meeting -25 March, 2020